तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 2 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4
प्यास बुझाने पी रहे फ्लोराईड युक्त पानी, आ रही शारीरिक विकलांगता




## खबर संक्षेप

### अग्रवाल संगठन के नेतृत्व में 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह 3 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा सामाजिक सेवा को साकार करते हुए 3 मई को रायपुर स्थित श्रीराम मंदिर में 51 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। प्रदेशभर से चयनित 51 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया जाएगा, जिसमें जिले से 5 से 6 जोड़े भागीदारी करेंगे। प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी ने बताया कि यह आयोजन सामाजिक सहयोग, सेवा एवं संगठनात्मक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने बताया कि इस पुनीत कार्य में भाग लेने हेतु जिले से संगठन के उपाध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, बजरंग अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य अमरनाथ अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, भगवती प्रसाद गोयनका, मंगल परिणय आयोग की संयोजिका शोभा केड़िया, ऊमा बंसल, प्रीति मोदी एवं अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में रायपुर पहुँचेंगे।

### पाण्डुलिपियों को खोजने सर्वेक्षण शुरू हुआ

**कोरबा।** जिले में व्यापक रूप से संचालित किये जा रहे ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत ऐतिहासिक महत्व की प्राचीन पाण्डुलिपियों को बचाने और डिजिटल संरक्षण करने खोज जारी हैं। इस कड़ी में 30 अप्रैल को ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह कोरबा जिले के पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम तुमान पहुंचे और ग्राम के बुजुर्गजनों, जनप्रतिनिधियों, पूर्व राजपरिवार के वंशजों से मुलाकात कर ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के महत्व और उद्देश्यों को बताया।

### एक वर्ष लग गए योजना को धरातल तक लाने में

# उरगा हाउसिंग बोर्ड कालोनी को पानी सप्लाई का रास्ता साफ


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पानी की समस्या से अपने निर्माण काल से ही जूझ रही उरगा हाउसिंग बोर्ड कालोनी को पानी मिलने का रास्ता साफ हो गया है। एक वर्ष पूर्व डोमनाला में स्टापडेम निर्माण के लिए रखे गए प्रस्ताव पर अब अमल हुआ है। दो करोड़ 51 लाख की लागत से स्टापडेम का निर्माण किया जाएगा।

**खास बात**

- दो करोड़ 51 लाख की लागत से बनेगा डोमनाला में स्टॉप डेम

एक हजार आवास वाले उरगा हाउसिंग बोर्ड कालोनी अपने निर्माण काल के समय से ही पेयजल की समस्या से जूझ रही थी। हाउसिंग बोर्ड की यह स्वतंत्र आवास वाली सबसे बड़ी कालोनी थी। शुरुआत में लोगों का रुझान कालोनी के प्रति ज्यादा रहा और आवास भी शुरुआती दौर में जरूर धड़ल्ले से बिके, लेकिन जैसे ही लोगों ने वहां रहना शुरू किया उनके समक्ष पेयजल की समस्या खड़ी हो गई। यह एक बड़ी समस्या थी। इसके सार्वजनिक होते ही हाउसिंग बोर्ड कालोनी में आवास लेने वाले लोगों में रुचि कम होने लगी। यह जानकारी हाउसिंग बोर्ड के मुख्यालय तक वहां के निवासियों के द्वारा पहुंचायी गई थी। शासन प्रशासन के साथ स्थानीय जन प्रतिनिधियों को भी हाउसिंग बोर्ड कालोनीवासियों ने अपनी समस्या से अवगत कराया था। बीते वर्ष 2025 में कालोनीवासियों की समस्या को निजात दिलाने के लिए उरगा क्षेत्र से लगे डोम नाला में स्टापडेम निर्माण की योजना तैयार हुई। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने डोम नाला क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर पानी के कैचमेट एरिया की जानकारियां ली और प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजा। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद स्टाप डेम निर्माण का रास्ता साफ हुआ। 2 करोड़ 51 लाख की राशि से तैयार होने वाले स्टापडेम के निर्माण को विभागीय अधिकारियों के मुताबिक 4 माह का समय लगेगा। स्टाप डेम निर्माण के साथ ही ओवरहेड टैंक का निर्माण भी कालोनी स्तर पर किया जाएगा। जहां से पानी सप्लाई की जाएगी।

#### स्टापडेम से बिछाई जाएगी पाइप लाइन

डोम नाला में बनने वाले स्टापडेम से कालोनी तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम भी किया जाएगा। इसका भी लेआउट तैयार किया गया है। डोमनाला से कालोनी की दूरी लगभग 3 किलोमीटर पड़ती है। इतनी दूरी तक पाइप लाइन बिछाने के बाद पानी में टंकी भरने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य में हालांकि लंबा समय लगेगा। इस दृष्टि से पानी पहुंचने में अभी कालोनीवासियों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

#### अन्य कालोनियां भी जूझ रहीं पानी के लिए

हाउसिंग बोर्ड की उरगा कालोनी के अलावा अन्य स्थानों में बनी कालोनी भी पानी की समस्या से जूझ रही है। रामपुर हाउसिंग बोर्ड कालोनी के साथ खरमोरा की नई व पुरानी दोनों कालोनियों में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं आता। यही स्थिति हाउसिंग बोर्ड कटघोरा जेंजरा कालोनी की भी है। यहां के कालोनीवासी आए दिन बोर खराब होने की समस्या से जूझते रहते हैं। जिसकी मरम्मत कालोनीवासी खुद के खर्च से कराते हैं।

#### 3 माह में तैयार होगा स्टाप डेम

हाउसिंग बोर्ड कालोनी उरगा में पानी सप्लाई डोमनाला से की जाएगी। इसके लिए 2 करोड़ 51 लाख की लागत से स्टाप डेम का निर्माण किया जाएगा, जो 3 में तैयार हो जाएगा।

\- **जयंत चौधरी,** कार्यपालन अभियंता सिंचाई विभाग

# अब जिला सहकारी बैंक की सभी ब्रांच से होगी केसीसी लोन की स्वीकृति



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसानों के लोन स्वीकृति की जिम्मेदारी अब जिला सहकारी बैंक की सभी ब्रांच को दे दी गई है। पूर्व में इसके लिए लोन प्रकरण को स्वीकृति हेतु बैंक के बिलासपुर मुख्यालय को भेजा जाना पड़ता था। जिससे स्वीकृति मिलने में देरी होने से कई किसानों को केसीसी लोन की स्वीकृति समय पर नहीं होने से नगद राशि और खाद बीज भी नहीं मिल पाते थे।

जिले में जिला सहकारी बैंक की 8 शाखा संचालित हैं। जिसमें 6 शाखा से ही किसानों के लेनदेन के कार्य होते हैं। शेष दो शाखाएं डिपॉजिट होती है। इन 6 शाखाओं के भरोसे सभी 60 समितियों के अंतर्गत आने वाले किसानों के लोन पत्रक स्वीकृत किए जाएंगे। पूर्व में इसके लिए बैंक के सभी ब्रांच प्रबंधकों को लोन पत्रक स्वीकृति के लिए बिलासपुर बैंक मुख्यालय भेजा जाता था। इस वर्ष से यह नई व्यवस्था लागू की गई है और इसके लिए अब समितियों के प्रबंधकों के उपर लोन प्रकरण तैयार करने के लिए किसानों के द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के साथ बोनी रकबा की रिपोर्ट भी तैयार कर बैंक प्रबंधन को प्रेषित करना होगा। महज 6 ब्रांचों से ही इतने अधिक किसानों के लोन पत्रक को तैयार करने में अब लंबा समय लगेगा। पिछले कुछ वर्षों में लोन लेने वाले किसानों की संख्या बढ़ते आ रही है और लोन वितरण का लक्ष्य भी लगातार बढ़ रहा है। इसके लिए बैंक प्रबंधन धान खरीदी के दौरान लिंकिंग के माध्यम से इसकी वसूली होती है। इस वर्ष 2026-27 वित्तीय वर्ष के दौरान 32 करोड़ लोन वितरण लक्ष्य का निर्धारित किया गया है। 1 अप्रैल से नए केसीसी लोन स्वीकृति के लिए स्थानीय ब्रांच में भेजे जाने के बाद लोन स्वीकृति में तेजी आ गई है। लोन स्वीकृति के लिए नई व्यवस्था लागू होने के बाद समिति प्रबंधकों के सामने अब काम का दबाव बढ़ गया है। इसके साथ ही बैंक शाखा में भी लोन के प्रकरण को स्वीकृति कराने की प्रक्रिया से गुजरना होगा। इसके लिए किसानों की उपस्थिति भी अनिवार्य की गई है।

**खास बातें**

- बिलासपुर मुख्यालय का नहीं काटना पड़ेगा चक्कर
- प्रत्येक ब्रांच में समिति प्रबंधकों को जमा करना होगा पत्रक

#### बरपाली और कोरबा ब्रांच में सर्वाधिक वितरण

जिले में बरपाली और कोरबा सहकारी बैंक से लोन का सर्वाधिक वितरण होता है। इन दोनों बैंक के बाद कटघोरा सहकारी बैंक तीसरे नंबर पर है जहां से बैंक द्वारा सर्वाधिक लोन का वितरण किया जाता है। जिले में इस समय खेती का रकबा कोरबा और करतला तहसील में ज्यादा होने की वजह से लोन का लक्ष्य भी इन दोनों ब्रांचों में अन्य ब्रांचों की तुलना में ज्यादा है।

#### जिले से ही मिल रही स्वीकृति

केसीसी लोन वितरण की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2026-27 से जिले की सहकारी बैंकों से दी जा रही है। पूर्व में इसके लिए जिला सहकारी बैंक के मुख्यालय से स्वीकृति के लिए भेजा जाता था।

\- **जमाल खान,** सुपरवाईजर जिला सहकारी बैंक




## खबर संक्षेप



### परमिट शर्त की अनदेखी और ओवर चार्जिंग पर लगा पेनाल्टी

**कोरबा।** कोरबा से बिहार के बीच चलने वाली दो यात्री बसों सहित चार वाहनों पर ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी ने पेनल्टी की कार्रवाई की। लगातार मिले शिकायत पर एक्शन लिया गया। बताया जाता है कि कोरबा से बिहार के बीच चल रही एक स्लीपर बस में यात्रियों से ज्यादा किराया लेने और दूसरी बस में परमिट कंडीशन का घोर उल्लंघन करने की शिकायत मिली। जांच करने पर इसे सही पाया गया। इन दोनों गाड़ियों पर 9 हजार की पेनल्टी की गई। इसके अलावा एक 52 सीटर यात्री बस में यात्री किराया सूची डिस्प्ले नहीं करना पाया गया और उस पर एक हजार की पेनल्टी की गई। एक स्कूल बस की जांच भी विभाग के द्वारा की गई जिसमें कई प्रकार की गड़बड़ी पाई गई है। ऐसे मामलों को लेकर अब लगातार एक्शन लेने की बात की जा रही है।

### एमपी नगर में भागवत कथा का हुआ शुभारंभ, निकाली गई कलश यात्रा



**कोरबा।** स्वास्ति महिला मंडल महाराणा प्रताप नगर के द्वारा स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। 7 मई तक होने वाले इस आयोजन के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। कथावाचक भागवताचार्य पंडित दशरथनंदन द्विवेदी सहित आयोजन समिति के लोग इसमें शामिल हुए। इस दौरान भक्ति भाव का वातावरण देखने को मिला।

### अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर ब्रह्मकुमारी द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम



**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर ब्रह्मकुमारी के विश्व सद्भावना भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इनफ़ोसिस प्राइवेट लिमिटेड बालको के एक्स जीएम विद्युत सरकार सेवा केंद संचालिका बीके रुक्मणी बीके बिंदु मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मजदूरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्युत सरकार ने कहा कि श्रम ही सफलता की कुंजी है। हर व्यक्ति को अपने कार्य को ईमानदारी और समर्पण के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में मानसिक शांति और सकारात्मक सोच के लिए आध्यात्मिकता का बहुत बड़ा महत्व है जिसे ब्रह्माकुमारीज़ संस्था बखूबी सिखा रही है।

### प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने जिला अध्यक्षों की ली बैठक



**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर राजीव भवन में छ.ग. कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के उपस्थिति में प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक आयोजित किया। जिसमें कोरबा जिले के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, शहर जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहु, राजेन्द्र तिवारी, ए डी जोशी, बसंत चंद्रा एवं रवि चंदेल सहित ग्रामीण के सभी ब्लॉक अध्यक्षगण शामिल हुए।

### करंट लगने से लंगूर की मौत, बजरंग दल ने किया विधि विधान से अंतिम संस्कार

**कोरबा।** शहर के निहारिका कोसाबाड़ी मुख्य मार्ग में प्रभात डेयरी के पास 11 केवी विधुत तार की चपेट में आने से लंगूर की मौत हो गई। जिसकी जानकारी वहां मौजूद लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को दे दी। साथ ही गौ सेवकों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को भी दी गई। सूचना पर गौ सेवको एवं बजरंग दल के लोग मौके पर पहुंचे और विधि विधान के साथ बंदर का अंतिम संस्कार किया गया। शव वाहन गाड़ी नहीं होने पर खुद कि गाड़ी में उठाकर कर किया अंतिम संस्कार किया गया।

## निधन

### श्रीमती देवमती कंवर



**हरदीबाजार।** मलगांव निवासी परमेश्वर सिंह व ईश्वर सिंह कंवर की माता श्रीमती देवमती कंवर (90 वर्ष) का निधन बीते गुरुवार को हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र, नाती पोता से भरा पूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गई। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार पटपरा चैतमा में संपन्न हुआ।

भू-स्थापित परिवार 15 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे

# मजदूर दिवस पर श्रमिकों को उतरना पड़ा सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन जब दुनिया भर में मजदूरों के अधिकारों और सम्मान की चर्चा हो रही थी, उसी दिन एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के नरईबोध के भूस्थापित परिवारों को अपना हक मांगने के लिए प्रदर्शन करना पड़ा। गुलाब सिंह, राजेंद्र प्रसाद पटेल, इंद्रा गोसाई, सुरेन्द्र सिंह कंवर, गोमती केवट सहित नरईबोध क्षेत्र के भूस्थापित एवं भूप्रभावित मजदूरों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। आयोजन स्थल पर उनके आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन के कारण अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन कोयला खदान विस्तार के लिए अधिग्रहित की गई लेकिन आज तक न तो उचित रोजगार मिला और न ही पूरा मुआवजा। सबसे ज्यादा आक्रोश इस बात पर है कि पीएनसी कंपनी में कार्यरत 13 भू-स्थापित मजदूरों को बिना किसी कारण अचानक नौकरी से हटा दिया गया है। नरईबोध क्षेत्र के सभी शेष भूस्थापित एवं भू-प्रभावित परिवारों को तत्काल उनके हक के अनुसार रोजगार प्रदान किया जाए, पीएनसी कंपनी से बिना कारण हटाए गए 13 मजदूरों को तुरंत पुनः बहाल किया जाए, शेष 4 भूप्रभावित लोगों को भी तत्काल रोजगार दिया जाए, भूमि अधिग्रहण के समय कटौती किए गए मुआवजे को बिना किसी कटौती के पूर्ण रूप से भुगतान किया जाए। ज्ञापन में सख्त चेतावनी दी गई है कि यदि 15 मई तक ऊपर बताई सभी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो नरईबोध के भू-स्थापित परिवार 15 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, संपूर्ण खदान बंद कर देंगे और एसईसीएल मुख्यालय का घेराव करेंगे। ज्ञापन में उन्होंने लिखा हमारी भूमि लेकर एसईसीएल ने रोजगार और उचित मुआवजे के वादे किए थे, लेकिन वादे सिर्फ कागजों पर रह गए। आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर भी हमें सड़क पर आकर अपना हक मांगना पड़ रहा है। यह एसईसीएल प्रबंधन की मजदूर-विरोधी और संवेदनहीन मानसिकता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना गैर-राजनीतिक संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री मौजूद रहे और मजदूरों के साथ खड़े होकर उनके हक की लड़ाई में समर्थन दिया। भू-स्थापित मजदूरों, ड्राइवरों और उनके परिवारों का कहना है कि उनकी जमीन चली गई, लेकिन न तो रोजगार मिला और न ही पूरा मुआवजा। अब जो थोड़ा काम मिला था, वह भी छीन लिया जा रहा है। प्रभावित परिवार अब 15 मई तक प्रबंधन के रवैये का इंतजार कर रहे हैं। यदि मांगें नहीं मानी गईं तो गेवरा क्षेत्र में बड़े स्तर पर औद्योगिक अशांति की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।



ज्ञापन सौंपते भूविस्थापित।

### नगरपालिका प्रांगण में श्रम वीरों का सम्मान

नगर पालिका प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर की स्वच्छता और व्यवस्था को बनाए रखने वाले श्रमिकों का शाल, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। श्रमिकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम समारोह के दौरान श्रमिकों के योगदान को सराहा गया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने श्रम की गरिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी नगर की स्वच्छता, सुंदरता और सुव्यवस्था में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राष्ट्र और समाज की प्रगति श्रमिकों की मेहनत और समर्पण पर आधारित होती है। एक स्वस्थ और विकसित समाज के निर्माण में श्रमिकों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है। समारोह में श्रम वीरों का सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रमिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और सामूहिक रूप से नगर को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया गया।

### गूंजे मजदूरों के मुद्दे, प्रबंधन के सामने उठी अहम मांगें

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में श्रमिक दिवस के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिकों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में हिन्द मजदूर सभा फेडरेशन के अध्यक्ष रेशम लाल यादव ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए उनके हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने खदानों और कॉलोनियों में व्याप्त डस्ट (धूल) और पानी की समस्या पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि खदानों में पर्याप्त रेस्ट शेल्टर की व्यवस्था नहीं होने से श्रमिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही कॉलोनियों की सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं होने से धूल प्रदूषण बढ़ रहा है। श्री यादव ने प्रबंधन का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग रखी कि कॉलोनियों में रोजाना पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए और सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि श्रमिकों और उनके परिवारों को राहत मिल सके। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय मिश्रा, महाप्रबंधक (संचालन) श्री चौधरी, महाप्रबंधक गेवरा परियोजना पार्थ मुखर्जी, महाप्रबंधक ई एंड एम ए.के. सिंह, प्रमुख चिकित्सा सेवाएं श्रीमती विजय लक्ष्मी सहित हिन्द मजदूर सभा के महामंत्री एस.डी. मानिकपुरी, सचिव एस.सी. मंसूरी, गेवरा क्षेत्र के प्रतिनिधि रविंद्र स्वर्णकार, वेलफेयर सदस्य राजेश सिंह, मकसूद अंसारी, एरिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य आर.एस. तिवारी, सुशील श्रीवास, शिव बंजारे एवं मुन्ना लाल साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महतारी वंदन योजना की ई केवाइसी में गड़बड़ी के आरोप



शिकायत करते कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष एवं पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना के तहत कराई जा रही ई केवाईसी प्रक्रिया में अनियमितता और अवैध वसूली के आरोप सामने आए हैं। इस मामले को लेकर कांग्रेस पार्षद रवि सिंह चंदेल शहर कांग्रेस अध्यक्ष सहित अन्य पार्षदों ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि योजना के हितग्राहियों की ई केवाइसी प्रक्रिया के लिए अधिकृत चॉइस सेंटरों में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि ली जा रही है। जबकि शासन द्वारा यह प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क रखी गई है, इसके बावजूद कई केंद्रों में महिलाओं से 50 से 70 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। राताखार बस्ती की महिलाओं ने भी शिकायत की है कि उनसे ई केवाइसी कराने के नाम पर पैसे लिए गए। इससे गरीब और जरूरतमंद हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में सभी सीएससी एवं चॉइस सेंटर संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि किसी भी हितग्राही से शुल्क न लिया जाए,जबकि केवाईसी के लिए सीएससी एवं चॉइस सेंटर संचालकों को राज्य सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है।

ज्ञापन में टीपी नगर क्षेत्र के राताखार का उदाहरण देते हुए बताया गया है कि शिकायतों के बावजूद संबंधित चॉइस सेंटर संचालकों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। साथ ही विभागीय अधिकारियों पर भी लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए हैं। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### पति से नाराज पत्नी ने बच्चे के साथ पीया कीटनाशक

**अंबिकापुर।** बरात जाने को लेकर पति पत्नी के बीच हुए झगड़े में महिला द्वारा अपने साथ 5 साल के मासूम बच्चे को कीटनाशक पिलाने का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कीटनाशक पीने से गंभीर बच्चे को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां बच्चे की मौत हो गई। इधर कीटनाशक पीकर गंभीर महिला का उपचार कुनकुरी अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के गुमला डोरंडाझरिया निवासी ईश्वर यादव 29 अप्रैल को अपने दोस्त की बारात जाने के लिए जिद कर रहा था जबकि उसकी पत्नी सुलोचनी पति को बारात जाने नहीं देना चाहती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। विवाद के बीच आक्रोशित महिला अपने 5 वर्षीय बच्चे आदित्य यादव को गोद में लेकर अंदर कमरे में चली गई। कुछ समय बाद जब पति कमरे में पहुंचा तो महिला और बच्चे दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था और उनके मुंह से कीटनाशक की गंध आ रही थी। ऐसे में आनन फानन में महिला व मासूम बच्चे को उपचार के लिए परिजन द्वारा कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से डिलीवरी बॉय की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर



शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। युवक डिलीवरी बॉय का काम करता था और अपने काम के सिलसिले में निकला हुआ था। इस दौरान बाईपास सड़क पर तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक बाइक समेत ट्रक के बीच में फंसकर लगभग 500 मीटर दूर तक घिसटता रहा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि चलगली थाना अंतर्गत ग्राम बड़कागांव निवासी 22 वर्षीय विनय देवांगन आ. मुकुंद देवांगन डिलीवरी बॉय का काम करता था। 1 मई को युवक अपनी बाइक से सामान डिलीवर करने के लिए वाड्रफनगर से महेवा की तरफ जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह बाईपास सड़क पर पहुंचा चुरैला नाले के समीप युवक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक यूपी 62 बीटी 1080 की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद ट्रक उसे करीब 500 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि घिसटने और चक्के के बीच में आने से कुचलकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वाड्रफनगर चौकी पुलिस ने शव को उठाकर अस्पताल भेजा इसके साथ ही आवागमन बहाल कराया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

## बुजुर्ग को नहीं मिल रही व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के समाज कल्याण विभाग के अधिकारी वरिष्ठ नागरिकों के प्रति उपेक्षित व्यवहार अपना रहे हैं। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को व्हीलचेयर देने में अनाकानी और भेदभाव वाला रवैया अपनाया जा रहा है। जिले में 24 वर्षों से प्रशांति वृद्धाश्रम का संचालन हो रहा है। सर्वमंगला मंदिर के पीछे संचालित इस वृद्धाश्रम में 27 बुजुर्ग निवासरत हैं। 74 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक हीरालाल चौहान के लिए समाज कल्याण विभाग, कोरबा के उप संचालक से लिखित तौर पर बड़ी साइज की व्हीलचेयर की मांग की गई थी। उपयोग की जा रही व्हीलचेयर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के लिए 19 फरवरी को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन प्रस्तुत करने के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली तो प्रशांति वृद्धाश्रम की संचालक संस्था के पदाधिकारियों ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से व्हीलचेयर उपलब्ध कराने निवेदन किया। इसके बाद भी दो माह से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराई गई। प्रशांति वृद्धाश्रम का संचालन करने वाली नवदृष्टि समाज सेवी संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि आश्रम में पर्याप्त संख्या में व्हीलचेयर उपलब्ध है, लेकिन वे छोटी साइज की है। बुजुर्ग हीरालाल चौहान, जो चलने फिरने में असमर्थ हैं, उन्हें बड़ी साइज की व्हीलचेयर की आवश्यकता है।

## जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल से गिरकर महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई एक महिला ने देर रात अस्पताल भवन की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। महिला को दर्द बुखार की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छत से गिरकर गंभीर महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला द्वारा आत्महत्या की गई या फिर किसी हादसे का शिकार हुई इसका पता नही चल सका है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम सेंदुर निवासी 51 वर्षीया कलेश्वरी पति रामधनी आयाम को 27 अप्रैल को जिला अस्पताल बलरामपुर में भर्ती कराया गया था। महिला को पेट दर्द बुखार की शिकायत थी। महिला का उपचार अस्पताल में चल रहा था। महिला के साथ अस्पताल में उसका पति रुका हुआ था। 1 मई की रात लगभग 1.30 बजे महिला का पति रामधनी की नींद खुली तो महिला अपने बिस्तर पर नहीं थी। ऐसे में पति व परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। अस्पताल के बाथरूम और कमरों में उन्होंने कलेश्वरी बाई की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन अस्पताल के बाहर निकले तो महिला भवन के बाहर खून से लथपथ हालत में मिली थी। महिला जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल से नीचे गिरी थी। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। आनन फानन में महिला को उपचार के लिए आपातकालीन कक्ष में भर्ती कराया गया लेकिन महिला की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया।



घटना स्थल पर बिखरा खून, इनसेट में मृतिका।

निगम आयुक्त ने चेम्बर आफ कामर्स स्थानीय व्यापारियों की ली बैठक

# मल्टीलेवल पार्किंग व यातायात व्यवस्था पर चेम्बर आफ कामर्स व व्यवसायियों में सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर में नवनिर्मित मल्टीलेवल पार्किंग के संचालन व पावर हाउस रोड की यातायात व्यवस्था पर जिला चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारियों व स्थानीय व्यापारियों की अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सहमति बनी हैं, सभी ने इस बात पर जोर दिया है कि मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन खडे. हों, व्यवसायीगण स्वयं अपने वाहन पार्किंग में खडे.करें तथा ई-कार्ट से दुकानों तक पहुंचे तथा पावर हाउस रोड की बे-पटरी हुई यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाया सके। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारियों तथा पावर हाउस रोड के व्यवसायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर मल्टीलेवल पार्किंग प्रारंभ किये जाने एवं पावर हाउस रोड की बे-पटरी हुई यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के संबंध में व्यापक चर्चा की। बैठक के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि वहाँ के सभी व्यापारीगण अपने वाहन मल्टीलेवल पार्किंग में ही खड़ा करेंगे तथा वहाँ से ई-कार्ट के माध्यम से दुकान पहुंचेगे, साथ ही अपने ग्राहकों को भी मल्टीलेवल पार्किंग में ही वाहन पार्किंग हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे। इसी प्रकार बड़ी गाड़ियाँ उक्त सड़क पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी तथा उन्हें अनिवार्य रूप से ओव्हरब्रिज के ऊपर से ही जाना पडेग़ा। इसी प्रकार पावर हाउस रोड में ट्रेक्टर व मालवाहक वाहनों के गुजरने के लिये एक समय निर्धारित होगा, उस नियत समय में ही वे उक्त मार्ग पर गुजर कर माल की डिलेवरी कर सकेंगे। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी सुनालिया ब्रिज से ट्रक, ट्रेक्टर, बस नहीं गुजरेंगे, उन्हें गन्तव्य तक पहुंचने के लिये वैकल्पिक मार्ग अपनाने होंगे। इसके साथ ही आवश्यक स्थिति में प्रशासन से परमिशन लेनी होगी।

### ई-कार्ट उपलब्ध कराने में संस्थायें करेंगी सहयोग

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने व्यवसायियों से आग्रह किया कि वे मल्टीलेवल पार्किंग से बाजार तक आवागमन हेतु ई-कार्ट वाहन उपलब्धता हेतु अपना सहयोग दें, जिस पर अनेक संस्थाओं ने ई-कार्ट वाहन प्रदान करने का आश्वासन दिया, जिन व्यवसायिक संस्थानों द्वारा ई-कार्ट वाहन उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया गया है, उनमें अनूपचंद त्रिलोकचंद, दिशा मोबाईल, पदमिनी ज्वेलर्स, आटो सेंटर, अग्रवाल गारमेंट्स, न्यू जेके ज्वेलर्स, लायंस क्लब बालको आदि प्रतिष्ठान व संस्थायें शामिल हैं। इन ई-कार्ट में संबंधित प्रतिष्ठान अपने दुकानों व व्यवसाय की बाडिंग कर सकेंगे, वहीं इन ई-कार्ट वाहन को चलाने के लिये निगम ड्राईवर उपलब्ध करायेगा तथा समय-समय पर मरम्मत का कार्य भी करवायेगा।

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण में अनुशासनहीन आचरण पर सहायक शिक्षक निलंबित

**कोरबा।** जनगणना 2027 के अंतर्गत 19 अप्रैल को तहसील पाली में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान गंभीर अनुशासनहीनता के मामले में सहायक शिक्षक एल.बी. श्री अश्वनी रात्रे को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, प्रा.शा. दर्रीमुड़ा (चैतमा), तहसील पाली, जिला कोरबा में पदस्थ सहायक शिक्षक एल.बी. अश्वनी रात्रे प्रशिक्षण सत्र के दौरान शराब के सेवन की स्थिति में उपस्थित पाए गए, जिसके कारण प्रशिक्षण की कार्यवाही बाधित हुई। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम के विपरीत है तथा जनगणना अधिनियम के प्रावधानों का भी उल्लंघन है। उक्त कृत्य की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम के तहत अश्वनी रात्रे, सहायक शिक्षक एल.बी., प्रा. शा. दर्रीमुड़ा (चैतमा), तहसील पाली, जिला कोरबा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पाली, जिला कोरबा निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

### कोरबा रेलवे स्टेशन को मिला पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र

**कोरबा।** भारतीय रेलवे की स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत परिकल्पना को साकार करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। मंडल के 9 प्रमुख रेलवे स्टेशनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमे कोरबा रेलवे स्टेशन भी शामिल है। यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के कुशल मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल यांत्रिक अभियंता के प्रभावी नेतृत्व में संभव हुई है। यह प्रमाणन अत्यंत सघन एवं चुनौतीपूर्ण ऑडिट प्रक्रिया के उपरांत प्रदान किया गया, जिसमें स्टेशनों की स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता एवं पर्यावरण जागरूकता जैसे विभिन्न पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत कोरबा सहित कुल 9 स्टेशनों को पर्यावरण अनुकूल कार्यप्रणाली के लिए यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि मंडल पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा सभी विभागों के साथ बेहतर समन्वय करते हुए इन स्टेशनों पर अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता तथा प्रदूषण नियंत्रण के उच्च मानकों को रिकॉर्ड समय में लागू किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन एजेंसी द्वारा यह प्रतिष्ठित प्रमाणन प्रदान किया गया।

### सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष लोक अदालत के लिए आगामी बैठक संपन्न

कोरबा। न्याय को सरल एवं सुलभ तरीक से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल से आरम्भ किया गया है। जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किया जायेगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/ जिला/ तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण/ समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरू किया गया है। इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में संबंधित पक्षकारों/ अधिवक्तागणों को सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया गया है।

### आकस्मिक दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कोरबा।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी कड़ी में जिले में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान विभिन्न दुर्घटनाओं में हुई मृत्यु के 6 प्रकरणों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा एवं पाली की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा कुल 24 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत नदी, तालाब, बांध, कुंआ, नहर, नाला या गड्ढे में डूबने, सर्पदंश, बिच्छू या अन्य विषैले जीवों के काटने, नाव दुर्घटना, आग, गैस सिलेंडर विस्फोट, खदान धंसने, लू (सन स्ट्रोक), आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि, बाढ़ एवं विद्युत प्रवाह से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिस को चार लाख रूपये की राशि स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। अपर कलेक्टर ओंकार यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपी राम यादव के डूबने से मृत्यु होने, पुष्पेन्द्र सिंह एवं छतराम का सर्पदंश से मृत्यु होने और पवन सिंह धनुहार तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके परिजनों को एवं गोवर्धन मरकाम की मृत्यु सर्पदंश से मृत्यु होने और मुन्ना लाल की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके परिजनों को चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### तीन ट्रेलर सहित एक पे लोडर जप्त

# ओवरलोडिंग की आड़ में चोरी, 215 टन कोयला सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका खदान में कोयला की ओवरलोडिंग कर कंपनी को चपत लगाने का मामला सामने आया है। सुरक्षा व्यवस्था में लगी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम ने जांच पड़ताल के दौरान तीन ट्रेलर व एक पेलाडर सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 215 टन कोयला जप्त किया है। पकड़े गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

एसईसीएल की कोयला खदानों में ओवर लोडिंग के नाम पर कोयला चोरी की गतिविधियां काफी समय से चलती रही है। अधिकारियों की आंख में धूल झोंक कर कोल लिफ्टर और उनकी टीम निर्धारित आबंटित मात्र से ज्यादा कोयला की लोडिंग कर लेती है। सिस्टम से जुड़े कुछ लोगों की भूमिका भी ऐसे कार्यों को आसान करती है। जानकारी के अनुसार महावीर एजेंसी के द्वारा लगाए गए डीओ के नाम पर बड़ी गड़बड़ी की गई। दीपिका खदान के एक लोडिंग पॉइंट से कोल लिफ्टर व उनके लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से तीन ट्रेलर मे डीओ में तय मात्रा से अधिक कोयला की लोडिंग कर दी। कोयला की यह मात्रा लाखों में बताई गई। इस प्वाइंट से जब ये वाहन अगले वेस्टिनेशन के लिए रवाना किए गए तो वे-ब्रिज पर मात्रा के सही वजन की जाती है। यहां पर चौकसी के लिए व्यवस्थाएं की गई है। सीआईएसएफ की टीम मौके पर मौजूद थी। यहीं पर संबंधित तीन ट्रेलर में कोयला की ओवर लोडिंग का पता चला। फौरी तौर पर गाडिय़ों के डीओ की जांच की गई तो जांच एजेंसी के कान खड़े हो गए। वाहनों में ओवरलोड कोयला होने के बारे में तत्काल संज्ञान लिया गया और सेल्स डिपार्टमेंट से लेकर प्रबंधन को अवगत कराया गया। सीआईएसएफ ने प्रारंभिक तौर पर एक लोडर सहित तीन ट्रेलर को अपने कब्जे में लिया। जिन लोगों की भूमिका थी उन्हें भी उठा लिया गया। इसके साथ ही औपचारिक लिखा-पढ़ी की गई और इसकी सूचना दीपका पुलिस को दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रकरण में कुल 6 लोगों की भूमिका स्पष्ट हुई है जिनमें रौनक गुप्ता, सरफराज खान उर्फ पम्मी, मुकेश चौधरी, सुजीत सिंह, मुबारक खान, अर्जुन बंसल शामिल हैं जिनके कब्जे से ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 0792, ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 8288, सीजी 10 बीएवाय 8288, पेलोडर सीजी 07 सीएस 2199 को 215 टन कोयला सहित जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



जब्त जेसीबी वाहन।

# ओपीएस व अन्य मांगों को लेकर मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा-पूर्व में ओपीएस सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर मुख्य अभियंता के समक्ष विद्युत कम्पनी के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ शाखा कोरबा-पूर्व द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान का प्रपत्र भी संलग्न है। संघ द्वारा आंदोलन को लेकर प्रबंधन पर कड़ा रोष व्याप्त करते हुए कहा गया है कि यदि इस बार हमारी इस ज्वलंत मांगो पर कोई भी निर्णय नही आता है तो आने वाले जून जुलाई माह में कंपनी को महासंघ द्वारा कड़े आंदोलनात्मक कार्यवाही के लिए तैयार रहना पड़ेगा। जिसका असर कंपनी द्वारा संचालित कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम एवं मड़वा-तेंदुभाठा तीनों प्लांटों के साथ साथ पूरे प्रदेश में दिखाई देगी। ऐसी चेतावनी संघ द्वारा दिया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल, उत्पादन के प्रदेश महामंत्री सुरेश साहू, जिला अध्यक्ष अजय मिश्रा, महासंघ सदस्य पूर्णिमा साहू, संविदा मजदूर संघ सचिव एम.एम. पाण्डेय, कोरबा-पश्चिम शाखा अध्यक्ष केदारनाथ राठौर, हेतराम खूंटे, जी. पी. राजवाड़े, कोरबा-पूर्व शाखा अध्यक्ष श्यामसुंदर खूंटे, वितरण शाखा के सचिव यशवंत राठौर, सिद्धार्थ पांडेय, मनोज कुमार भारिया, चंद्रेश साहू, कमल किशोर राठौर, कोरबा-पूर्व सचिव संदीप राठौर, कोरबा-पश्चिम सचिव अमर सिंह राठौर इत्यादि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# योजनाओं का उठाएं लाभ और आवेदन देकर समस्याओं का कराएं निराकरण : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की गई हैं और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भी जनता को योजनाओं का निरंतर लाभ मिल रहा है। ग्रामीण अपने क्षेत्र में लगे शिविरों में आसानी से आवेदन देकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कटघोरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत धनरास में सुशासन तिहार के शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री किसी भी गाँव में अचानक पहुंचकर योजनाओं के वास्तविक क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीबों को मुफ्त चावल, नल कनेक्शन, किसानों को सम्मान निधि तथा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास जैसी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा धान बोनस, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, रामलला दर्शन, सरस्वती साइकिल योजना और महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जा रही है। 1 मई से 10 जून तक आयोजित होने वाले इस तिहार के प्रथम दिवस में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुँचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं। शिविर मेंप्राप्त कुल 332 आवेदनों में से 103 का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। कृषि, मत्स्य, समाज कल्याण, पंचायत, राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग द्वारा इस दौरान हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि सुशासन तिहार ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में नित नई विकास योजनाएँ बनाई जा रही हैं और उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लेने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने कहा कि एक ही स्थान पर सभी विभागों की उपस्थिति से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और उनका लाभ लेने में आसानी होती है। जनपद सदस्य श्रीमती झूल बाई गोविंद ने भी शिविर की सराहना की। इस दौरान हितग्राहियों को सौ दिन का रोजगार पूर्ण होने पर जॉब कार्ड, सात हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, तीन हितग्राहियों को केसीसी ऋण का चेक, ऋण पुस्तिका का वितरण, कृषि सिंचाई पंप, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन, मत्स्य पालन हेतु मछली जाल और आइस बॉक्स प्रदान किया गया।


उद्योग मंत्री को ज्ञापन सौंपते पटवारी।

**सौंपा गया ज्ञापन**

सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर ग्राम धनरास में मंत्री लखन लाल देवांगन को डिजिटल किसान किताब में पटवारियों के डीएससी से संबंधित समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया गया।

# दो विभागों की आपसी खींचतान की भेंट चढ़ी लाखों की लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

राजस्व विभाग व वन विभाग की आपसी खींचतान के चलते लाखों रुपए कीमती नीलगिरी के लकड़ियों के चोरी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व विभाग ने काटे गए नीलगिरी के पेड़ों को जप्त कर वन विभाग को सूचना दी थी। बावजूद इसके वन विभाग द्वारा परिवहन खर्च का बहाना बनाते हुए जप्त लकड़ियों को सुपुर्दनामा लेने से इंकार कर दिया गया। यही वजह है कि लाखों रुपए कीमती लकड़ी पर चोरों ने अपना हाथ साफ कर दिया।

दो विभागों के आपसी खींचतान के चलते लाखों रुपए की कीमती नीलगिरी के लकड़ियों की चोरी का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत चैतमा के आश्रित मोहल्ला भलुहामुंडा में 40 साल पूर्व संचालित जल ग्रहण मिशन के तहत लगभग एक हेक्टेयर में नीलगिरी का पौधा लगाया गया था जो बढ़कर पेड़ बन गए थे। 24 दिसंबर को ठेकेदार द्वारा लगभग 350 नीलगिरी के पेड़ों की कटाई करवायी गई थी जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा किए जाने के बाद राजस्व विभाग द्वारा मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए नीलगिरी पेड़ों का लट्ठा जप्त किया गया था। वन विभाग को सूचना देने के बाद जप्त लकड़ी को मौके पर ही छोड़ दिया गया। जिसके बाद वन विभाग ने यह कहते हुए सुपुर्दनामा लेने से मना कर दिया कि लकड़ी का परिवहन खर्च कौन देगा। इसी वजह से लाखों रुपए कीमती लकड़ी मौके पर ही पड़ी रही। हैरानी वाली बात यह है कि वर्तमान समय पर मौके पर एक भी लकड़ी नहीं है। चोरों ने लकड़ियों पर हाथ साफ कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि इतनी मात्रा में लकड़ी गायब होने का जिम्मेदार कौन है।


वन विभाग द्वारा जब्त नीलगिरी लकड़ी।

# पुरानी पेंशन व संविदा कर्मियों का नियमितीकरण बना आश्वासन का झुनझुना : चेट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन की बहाली एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण आश्वासन का झुनझुना बन गया है। कर्मचारियों की एकता एवं आंदोलन की सफलता का दावा करने वाले इस मांग को लेकर फिर से आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। पुरानी पेंशन एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण अब सामूहिक एकता से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए सभी संगठनों को निस्वार्थ भाव से निर्णय तक एक होकर संघर्ष करना होगा।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी ने व्यक्त करते हुए कहा कि जनवरी 2004 से कार्यरत 7000 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर लगातार अलग-अलग संगठन के माध्यम से संघर्ष कर रहे हैं लेकिन कंपनी द्वारा तीन वर्षों से इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर निर्णय नहीं लेकर निर्णय को शासन के पलड़े में डाल दिया गया है जो बिल्कुल अनुचित है। छत्तीसगढ़ शासन ऊर्जा विभाग द्वारा 6 अक्टूबर 2023 को ही पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में कंपनी को सैद्धांतिक सहमति की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है लेकिन राजनीतिक बदलाव के कारण यह मामला भी राजनीतिक रूप धारण कर चुका है। एक संगठन जो सत्ता के करीब है उसके प्रति भी पूरा विश्वास जता कर कर्मचारियों ने संघर्ष किया लेकिन 6 माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद फिर वही राग व ढपली बजाई जा रही है। महासचिव आर सी चेट्टी ने कहा कि विद्युत कंपनी में कर्मचारियों का पंजीकृत ग्रेच्युटी एवं पेंशन ट्रस्ट 2001 से बना हुआ है और उसके माध्यम से लगभग 16 हजार पेंशनरों को पेंशन का भुगतान कंपनी की ओर से ट्रस्ट के माध्यम से किया जा रहा है। कंपनी द्वारा संगठन की इस मांग पर 2004 के बाद लगातार बैठक उपरांत जो प्रस्ताव तैयार किया गया है उसके अनुसार कार्मिकों एवं कंपनी का अंशदान ट्रस्ट में जमा किए जाने की स्थिति में कंपनी प्रबंधन ने स्वीकार किया है कि सन् 2060 तक कंपनी को कर्मचारियों के पेंशन भुगतान हेतु कोई आर्थिक भार नहीं आएगा लेकिन उसके बाद अगर भार आता भी है तो विद्युत टैरिफ में 5 पैसे की राशि टैरिफ में पेंशन मद हेतु लिया जाना प्रस्तावित है।


आरसी चेट्टी।

### बाइक में घुसा नाग किया गया रेस्क्यु

**कोरबा।** जिले में मौसम का मिज़ाज बदलते ही सांपों के निकलने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। अलग-अलग क्षेत्रों से सांप निकलने की सूचनाएं मिल रही हैं। जितेंद्र सारथी और उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए कई स्थानों पर सफल रेस्क्यू ऑपरेशन किए, ताजा मामले में एक जहरीला कोबरा सांप एक गाड़ी के अंदर घुस गया था, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और पूरी सावधानी व सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

# आयुक्त ने किया मकान सूचीकरण कार्य का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत डॉ.राजेन्द्र प्रसाद नगर, एम.पी.नगर आदि क्षेत्रों में पहुंचकर प्रगणकों द्वारा किये जा रहे मकान सूचीकरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया, उन्होने प्रगणकों का मार्गदर्शन करते हुये त्रुटिरहित मकान सूचीकरण कार्य किये जाने के निर्देश उन्हें दिये। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, अतः इसमें किसी प्रकार की त्रुटि गुंजाईश नहीं होनी चाहिये, इस मौके पर पार्षद अशोक चावलानी, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव सहित प्रगणकगण व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि डिजिटल जनगणना 2027 के तहत डिजिटल जनगणना का कार्य किया जा रहा है, इसके प्रथम चरण में 16 से 30 अप्रैल तक नागरिकों द्वारा की जाने वाली स्व-गणना के लिये समय निर्धारित था, तत्पश्चात 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य करते हुये प्रत्येक मकान के विवरण को दर्ज किये जाने का कार्य 1 मई से प्रारंभ कर दिया गया है, प्रगणक घर-घर पहुंच रहे हैं तथा मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य संपादित करा रहे हैं, जिसके अंतर्गत घर की स्थिति, सुविधायें और मूलभूत जानकारी संकलित की जा रही है।

# महिला आरक्षण के विरोध में भाजपा सरकार का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश महिला कांग्रेस के निर्देश पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी एवं श्रीमती प्रभा तंवर के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोरबा घंटा घर चौक पर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और बीजेपी सरकार का पुतला दहन किया। श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने कहा कि बीजेपी सरकार महिला आरक्षण को लेकर जनता में भ्रम फैला रही है। जो बिल 2023 में पास हो गया है, उसे 2029 के बजाए तत्काल लागू करें। इस मौके पर मनोज चौहान, मुकेश राठौर, राजेन्द्र तिवारी, पालुराम साहु, ए डी जोशी, बसंत चंद्रा, राकेश पंकज, रवि चंदेल, मनहरण राठौर, गिरधारी बरेठ, डॉ.रामगोपाल यादव, सुरती कुलदीप, अविनाश बंजारे, राजेन्द्र सूर्यवंशी, आरिफ खान, अनवर रजा, सुनीता तिग्गा, शांता मंडावे, गंगा राठौर, संजीदा बेगम, आंगन बाई, संजू पैकरा, सायदा खान, गंगा श्रीवास, सीमा उपाध्याय, राकेश चौहान, सनील निर्मलकर, आकाश प्रजापति, राजेश श्रीवास, करमचंद प्रजापति सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780



1 जुलाई, 7 जुलाई, 15 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट:-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। अत: जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 99224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ




**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166